प्रेस नोट

दिनांक 31.03.2025

श्रीमान जिलाधिकारी हमीरपुर व पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद हमीरपुर द्वारा ईद–उल-फितर के अवसर पर ईदगाह का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

आज दिनांक 31.03.2025 को श्रीमान जिलाधिकारी हमीरपुर व पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद हमीरपुर द्वारा थाना कोतवाली सदर/मौदहा क्षेत्रान्तर्गत ईद-उल-फितर के मौके पर ईदगाहों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया । साथ ही जनमानस से असामाजिक तत्वों द्वारा अफवाह फैलाने व किसी भी तरह का उपद्रव करने पर तत्काल पुलिस को सूचित करने को कहा गया एवं जनमानस से आपसी सौहार्द बनाते हुए मिलजुल कर त्यौहार मनाने की अपील की गई। इसके उपरांत महोदया द्वारा पुलिस कर्मियों को सुरक्षा के संबंध में व जनता से अच्छे व्यवहार एवं सतर्कता से ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए।

इस मौके पर सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी मौदहा, प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर/थाना मौदहा व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।